# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)

## जनवरी भाग-2 2022



दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009

फोन: 8750187501

ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. हाल ही में खबरों में रहा 'हैदराबाद घोषणा-पत्र' किससे संबंधित है?

 A. सामुदायिक पुलिसिंग

 B. आपदा प्रबंधन

 C. ई-गवर्नेंस

 D. कृषि

2. 'प्रारंभ शिखर सम्मेलन' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

 A. भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता

 B. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र

 C. बाल अधिकारों का संरक्षण

 D. क्वांटम प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों में सहयोग

3. निम्नलिखित में से किस रक्षा अभ्यास में भारत-रूस सहयोग शामिल नहीं है?

 A. 'TSENTR 2019' अभ्यास

 B. इंद्र अभ्यास

 C. ZAPAD 2021

 D. नोमाडिक एलीफैंट

4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

 1. तिरुवल्लुवर, जिसे वल्लुवर भी कहा जाता है, एक तमिल कवि-संत थे।
 2. तिरुवल्लुवर ने संगम साहित्य में योगदान दिया।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

 A. केवल 1

 B. केवल 2

 C. 1 और 2 दोनों

 D. न तो 1 और न ही 2

5. दुर्लभ मृदा धातुओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

 1. इन खनिजों में अद्वितीय चुंबकीय, ल्यूमिनिसेंट और विद्युत रासायनिक गुण हैं।
 2. यह 17 दुर्लभ धातु तत्त्वों का समूह है।

 उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

 A. केवल 1

 B. केवल 2

 C. 1 और 2 दोनों

 D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. सरकार ने वस्त्र निर्माताओं को वित्तीय सहायता एवं अन्य प्रोत्साहन प्रदान करने तथा आयात और निर्यात के आँकड़ों की निगरानी में मदद करने के लिये तकनीकी वस्त्रों हेतु 207 'हार्मोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर' (HSN) कोड प्रदान किये हैं।
   2. टेक्नोटेक्स इंडिया, तकनीकी वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने के लिये कपड़ा मंत्रालय द्वारा आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम है।
   3. भारत विश्व का सबसे बड़ा तकनीकी वस्त्र निर्यातक देश है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. गुरु रविदास भक्ति आंदोलन के एक रहस्यवादी कवि संत थे।
   2. अमृतबाणी रविदासिया धर्म का ग्रंथ है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

8. 'भारतीय चुनाव आयोग' (ECI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारतीय संविधान का भाग XV चुनाव आयोग की स्थापना से संबंधित है।
   2. इसे चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम 1989 द्वारा एक बहु-सदस्यीय निकाय बनाया गया था।
   3. मुख्य चुनाव आयुक्त को संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के समान ही पद से हटाया जा सकता है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

9. "इनइक्वालिटी किल्स" शीर्षक वाली एक रिपोर्ट ने वैश्विक स्तर पर और भारत में कोविड महामारी के कारण विकृत हो रहे आय के विभाजन की ओर इशारा किया। इसे निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी किया गया है?

   A. विश्व आर्थिक मंच
   B. ऑक्सफैम इंटरनेशनल
   C. विश्व बैंक
   D. विश्व व्यापार संगठन

नोट :

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत है।
2. यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत एक बच्चे के निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के अधिकार से संबंधित शिकायतों की जाँच करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक (WESO) ट्रेंड्स, 2022 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी किया जाता है?

A. विश्व बैंक

B. विश्व आर्थिक मंच (WEF)

C. अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)

D. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

12. निम्नलिखित में से कौन-सा इंडोनेशिया का सबसे पश्चिमी द्वीप है?

A. जावा

B. लंबोक

C. सुमात्रा

D. बाली

13. निम्नलिखित में से किस देश की सीमा लाल सागर को स्पर्श नहीं करती है?

A. सीरिया

B. सूडान

C. यमन

D. इरिट्रिया

14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ला नीना अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) का "शीत चरण" है।
2. ला नीना घटना तब होती है जब दक्षिण अमेरिकी उष्णकटिबंधीय के प्रशांत तट के साथ समुद्र की सतह का पानी ठंडा हो जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. '5G' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह मिलीमीटर-वेव स्पेक्ट्रम का उपयोग करता है।
   2. यह उन्नत LTE का उपयोग करता है।
   3. यह 20 Gb/s तक की स्पीड प्रदान करता है।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 1 और 2
   C. केवल 2 और 3
   D. 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित में से किन आधारों पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 के तहत प्रेस की स्वतंत्रता प्रतिबंधित है?
   1. भारत की संप्रभुता और अखंडता।
   2. न्यायालय की अवमानना।
   3. मानहानि।
   4. किसी अपराध के लिये उकसाना।

   निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1 और 3
   B. केवल 3 और 4
   C. 1, 2 और 3
   D. 1, 2, 3 और 4

17. हाल ही में खबरों में रहा 'सारथी एप' किससे संबंधित है?

   A. वृद्धावस्था पेंशन
   B. महिला सुरक्षा
   C. प्रतिभूति बाज़ार
   D. बाल विकास

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. वैश्विक भुखमरी सूचकांक (GHI) 2021 में भारत को 101वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।
   2. वैश्विक भुखमरी सूचकांक यूएनडीपी (UNDP) द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

19. अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह संयुक्त राष्ट्र की पंद्रहवीं विशिष्ट एजेंसी बन गई।
   2. यह जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. दोनों 1 और 2
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

20. प्रशांत 'रिंग ऑफ फायर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यहाँ सक्रिय ज्वालामुखी और तीव्र भूकंप रिकॉर्ड किये जाते हैं।
2. इसकी सीमाओं पर कई टेक्टोनिक प्लेट मौजूद हैं।
3. अलास्का के एल्यूशियन द्वीप भी इसका हिस्सा है।

उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?

1. केवल 1 और 3
2. केवल 1 और 2
3. केवल 2 और 3
4. 1, 2 और 3

21. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्लोबल रिसर्च ऑन एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (जीआरएएम) रिपोर्ट के अनुसार, AMR के कारण होने वाली मौतें अब दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है, जो एचआईवी/एड्स या मलेरिया से ज़्यादा हैं।
2. डब्ल्यूएचओ इंडिया द्वारा अस्पताल वार्डों और आईसीयू में एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग तथा अति प्रयोग को नियंत्रित करने के लिये भारत में एक पायलट परियोजना पर एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप कार्यक्रम शुरू किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. चुनावी बॉण्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-से सही हैं?.

1. ये बॉण्ड 1 करोड़ रुपए की अधिकतम सीमा के सतज 1000 रुपए के गुणकों में जारी किये जाते हैं।
2. केवल भारतीय स्टेट बैंक ही इन बॉण्डों को जारी करने और भुनाने के लिये अधिकृत है।
3. बॉण्ड भारत के किसी भी नागरिक द्वारा खरीदने के लिये उपलब्ध हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

23. 'ग्रामीण क्षेत्र विकास योजना निर्माण और कार्यान्वयन (RADPFI) दिशानिर्देश 2021' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये दिशानिर्देश ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा तैयार किये गए हैं।
2. इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य ग्राम पंचायत के लिये स्थानिक योजनाओं की तैयारी हेतु दिशा प्रदान करना है।
3. वर्ष 2021 के दिशानिर्देश वर्ष 2016 के दिशानिर्देशों का स्थान लेंगे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2
B. केवल 1 और 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 2 और 3

नोट :

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अखिल भारतीय सेवाओं (AIS) के तहत भर्ती केंद्र सरकार द्वारा की जाती है और उनकी सेवाओं को विभिन्न राज्य कैडरों के तहत रखा जाता है।
2. किसी भी कैडर की कुल संख्या की गणना 'केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिज़र्व' (CDR) को शामिल करके की जाती है, जो स्वीकृत पदों का लगभग 40% है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान के 42वें संशोधन ने अनुच्छेद 48A और अनुच्छेद 51A(g) को पेश किया, जो कि पर्यावरण के संरक्षण और सुधार की वकालत करते हैं।
2. नई परियोजनाओं की स्थापना या मौजूदा परियोजनाओं के विस्तार या आधुनिकीकरण पर प्रतिबंध लगाने के लिये पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 3 के तहत एक पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना जारी की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. 'नेताजी सुभाष चंद्र बोस' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. उन्होंने वर्ष 1930 के नमक सत्याग्रह में सक्रिय रूप से भाग लिया।
2. उन्होंने वर्ष 1931 में गांधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर करने का कड़ा विरोध किया।
3. नेताजी द्वारा शुरू किये गए अखबार का नाम 'फॉरवर्ड' था।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

27. 'हिंदू कानून से सम्बंधित विधियाँ/नियम' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिताक्षरा कानून/विधियाँ केवल दक्षिण भारतीय राज्यों में देखने को मिलता है।
2. मिताक्षरा कानून/विधियाँ के तहत पुत्र का जन्म से कोई स्वत: स्वामित्त्व/अधिकार नहीं होता है, परंतु वह अपने पिता की मृत्यु के बाद स्वत: ही इस अधिकार को प्राप्त कर लेता है।
3. दयाभाग कानून/विधियाँ के अनुसार पिता के जीवनकाल में पुत्र को कॉपर्सनर का अधिकार प्राप्त नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

28. निम्नलिखित में से भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243(D) किससे संबंधित हैं?

A. उच्च न्यायालय
B. ज़िला न्यायालय
C. पंचायत में आरक्षण
D. राज्य विश्वविद्यालयों में आरक्षण

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डार्क मैटर की खोज सर्वप्रथम वर्ष 1938 में अल्बर्ट आइंस्टीन ने की थी।
2. डार्क मैटर का गुरुत्वाकर्षण बल हमारी आकाशगंगा में तारों को दूर जाने से रोकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. भारतीय राष्ट्रीय सेना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मोहन सिंह के नेतृत्व में आईएनए का गठन किया गया था।
2. 'दिल्ली चलो' का नारा सुभाष चंद्र बोस द्वारा दिया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2022 का आयोजन वैश्विक आतंकवाद रोधी परिषद (GCTC) द्वारा किया गया।
2. वैश्विक आतंकवाद रोधी परिषद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक शाखा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32. कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) किस मंत्रालय के तहत कार्य करता है?

A. कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
B. ग्रामीण विकास मंत्रालय
C. वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
D. जनजातीय मामलों के मंत्रालय

33. टी.एस.आर. सुब्रमण्यम समिति (2014) निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. आतंकवाद से निपटने के लिये भारत का प्रयास
B. भारतीय पर्यावरण सेवा (IES) की स्थापना
C. हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत वैवाहिक अधिकार
D. कृषि में ड्रोन तकनीक का प्रयोग

नोट :

34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस प्रकार की स्थिति तब होती है, जब मंदी के बाद अर्थव्यवस्था के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग दर, समय या परिमाण में 'रिकवरी' होती है।
2. यह अर्थव्यवस्था की संरचना में व्यापक परिवर्तन को बढ़ावा देता है।
3. अर्थव्यवस्था के विभिन्न हिस्सों का आर्थिक सुधार पथ अलग हो सकता है।

उपर्युक्त विवरण आर्थिक रिकवरी के निम्नलिखित में से किस ग्राफ का सबसे उपयुक्त विवरण प्रस्तुत करता है?

A. Z- शेप्ड रिकवरी
B. V- शेप्ड रिकवरी
C. L- शेप्ड रिकवरी
D. K- शेप्ड रिकवरी

35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में दांपत्य/वैवाहिक अधिकारों की बहाली की अवधारणा औपनिवेशिक काल में उत्पन्न हुई है।
2. पर्सनल लॉ और आपराधिक कानून दोनों में दांपत्य/वैवाहिक अधिकारों को मान्यता दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सेंडाई, जापान में तीसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व सम्मेलन में 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क' को अपनाया गया था।
2. सेंडाई फ्रेमवर्क 'योकोहामा रणनीति और एक सुरक्षित दुनिया के लिये कार्य योजना' का उत्तराधिकारी फ्रेमवर्क है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. हाल ही में केरल में खोजी गई 'गनोडर्मा केरलेंस' नामक एक नई प्रजाति सूक्ष्मजीवों के निम्नलिखित में से किस समूह से संबंधित है?

A. जीवाणु
B. वायरस
C. कवक
D. प्रोटोजोआ

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ऋणात्मक आयन, किसी भी प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले पदार्थ से उत्पन्न नहीं होते हैं।
2. ऋणात्मक आयन तब बनते हैं जब सूर्य के प्रकाश, विकिरण, वायु या पानी से ऑक्सीजन का क्षरण होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आर्द्रभूमि जैव विविधता से भरपूर जलीय पारिस्थितिक तंत्र हैं।
2. राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2014 के तहत आर्द्रभूमि संरक्षण से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटान के लिये राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कवक केवल एकल कोशिका वाले जीव हैं।
2. कवक मनुष्यों में रोग नहीं पैदा करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | संवैधानिक संशोधन | महत्त्व |
|---|---|---|
| 1. | पहला संवैधानिक संशोधन | 9वीं अनुसूची शामिल की गई |
| 2. | 24वाँ संवैधानिक संशोधन | मतदान की आयु को कम किया गया |
| 3. | 61वाँ संवैधानिक संशोधन | दलबदल विरोधी कानून |

निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित नहीं है/हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

42. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन 'भ्रष्टाचार बोध सूचकांक' प्रकाशित करता है ?

A. ऑक्सफैम इंटरनेशनल
B. ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल
C. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट
D. विश्व न्याय परियोजना

43. निम्नलिखित में से कौन-सा देश 'अकाबा की खाड़ी' के साथ सीमा साझा नहीं करता है ?

A. इज़रायल
B. जॉर्डन
C. मिस्र
D. सीरिया

नोट :

44: 'SSLV' (स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'SSLV' का उद्देश्य छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की भूस्थिर कक्षा में लॉन्च करना है।
2. 'न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड' (NSIL) का लक्ष्य प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से भारत में निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में SSLV का बड़े पैमाने पर उत्पादन करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

45. ग्रेट निकोबार द्वीप समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ग्रेट निकोबार 'निकोबार द्वीप समूह' का सबसे उत्तरी द्वीप है।
2. मंगोलॉयड शोम्पेन जनजाति ग्रेट निकोबार बायोस्फीयर रिज़र्व के जंगलों में रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बैड बैंक उधार देने और जमा लेने में शामिल होता है, यह वाणिज्यिक बैंकों को अपनी बैलेंस शीट को साफ करने और खराब ऋणों की समस्या को हल करने में भी मदद करता है।
2. बैड बैंक द्वारा बैड लोन का अधिग्रहण आमतौर पर लोन की 'बुक वैल्यू' से कम मूल्य पर किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चकमा और हाजोंग जनजातियाँ भारत में केवल अरुणाचल प्रदेश राज्य में पाई जाती हैं।
2. अरुणाचल प्रदेश के चकमा और हाजोंग पूर्व पूर्वी पाकिस्तान, अब बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी इलाकों के प्रवासी हैं।.

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

48. 'पश्चिमी विक्षोभ' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होने वाला एक बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय तूफान है।
2. यह पूरे दक्षिणी भारत में सबसे अधिक सर्दी और प्री-मानसून मौसम की वर्षा का कारण बनता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49. 'सहायक संधि' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?

1. लॉर्ड वेलेजली ने इसे भारत में प्रारंभ किया था।
2. यह संबद्ध राज्य के आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप की नीति थी।
3. अवध के नवाब द्वारा वर्ष 1801 में पहली 'सहायक संधि' पर हस्ताक्षर किये गए थे।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. केवल 1 और 3

50. वीरता पुरस्कारों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | **वीरता पुरस्कार** | **विवरण** |
|---|---|---|
| 1. | परम वीर चक्र | सर्वोच्च सैन्य अलंकरण पुरस्कार |
| 2. | अशोक चक्र | शांतिकाल के दौरान सर्वोच्च पुरस्कार |
| 3. | सेना पदक | वायु सेना में असाधारण समर्पण |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

51. पद्म पुरस्कारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. ये गणतंत्र दिवस पर भारत के प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिवर्ष प्रस्तुत किये जाते हैं।
2. पुरस्कार कला, खेल, विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भी प्रदान किये जाते हैं।
3. पद्म पुरस्कार समिति का गठन हर वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

52. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारतीय अर्थव्यवस्था पर अमेरिकी फेडरल रिज़र्व के ब्याज दरों में वृद्धि का/के परिणाम है/हैं?

1. बॉण्ड यील्ड (Bond Yields) में वृद्धि।
2. कच्चे तेल का महंगा आयात।
3. आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं के निर्यात में हानि।

नीचे दिये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. फ्लाई ऐश परमाणु ऊर्जा संयंत्रों का एक अवांछित असिंचित अवशेष है।
2. फ्लाई ऐश में पर्याप्त मात्रा में सिलिकॉन डाइऑक्साइड ($SiO_2$), एल्युमीनियम ऑक्साइड ($Al_2O_3$), फेरिक ऑक्साइड ($Fe_2O_3$) और कैल्शियम ऑक्साइड (CaO) शामिल होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. लाला लाजपत राय को 'पंजाब केसरी' और 'पंजाब का शेर' भी कहा जाता था।
2. वह स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रभावित हुए और आर्य समाज में शामिल हो गए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

55. बाँधों/जलाशयों और संबंधित नदियों के निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| **बाँध/जलाशय** | **नदी** |
|---|---|
| गोबिंद सागर जलाशय | सतलुज |
| महाराणा प्रताप सागर जलाशय | व्यास |
| चमेरा दामो | रावी |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

56. विशेष आहरण अधिकारों (Special Drawing Rights-SDR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) द्वारा बनाई गई एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है।
2. एक SDR का मूल्य केवल अमेरिकी डॉलर, यूरो और ब्रिटिश पाउंड पर आधारित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राजकोषीय घाटा कुल व्यय और राजस्व प्राप्तियों एवं गैर-ऋण प्राप्तियों के योग के बीच का अंतर है।
2. प्राथमिक घाटा राजकोषीय घाटे से पूंजीगत व्यय को घटाकर प्राप्त किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. 'भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र– चरण-II में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाने की योजना' के संबंध में निम्नलिखित में से-कौन सा विकल्प सही नहीं है?

A. इसे भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया था।
B. यह एक मज़बूत और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्द्धी पूंजीगत सामान क्षेत्र के निर्माण में मदद करेगा।
C. प्रौद्योगिकी नवाचार पोर्टल के माध्यम से प्रौद्योगिकियों की पहचान इसके घटकों में से एक है।
D. इनमे से कोई नहीं।

59. बाल्टिक सागर निम्नलिखित में से किस देश से नहीं घिरा है?

A. लिथुआनिया
B. स्वीडन
C. बेलारूस
D. पोलैंड

60. आंशिक परजीवी पौधों के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. इन्हें होलोपैरासिटिक प्लांट भी कहा जाता है।
2. ये क्लोरोफिलस (क्लोरोफिल युक्त) होते हैं।
3. उनकी वितरण उष्णकटिबंधीय से लेकर समशीतोष्ण आवासों तक विश्वव्यापी है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

## व्याख्या भाग-2

1. उत्तर: C

व्याख्या:

- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (DARPG) तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार ने तेलंगाना सरकार के सहयोग से 24वें ई-गवर्नेंस राष्ट्रीय सम्मेलन (National Conference on e-Governance-NCeG)-2021 का आयोजन किया।
    - दो दिवसीय सम्मेलन में आयोजित सत्रों के दौरान गहन विचार-विमर्श के बाद ई-गवर्नेंस समापन में 'हैदराबाद घोषणा-पत्र' (Hyderabad Declaration) को स्वीकार किया गया। अत: विकल्प C सही है।
    - घोषणा का उद्देश्य नागरिकों और सरकारों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से करीब लाना तथा प्रौद्योगिकी के उपयोग के द्वारा नागरिक सेवाओं को परिवर्तित करना है।
- सम्मेलन ने संकल्प लिया कि भारत सरकार और राज्य सरकारें निम्नलिखित में सहयोग करेंगी:
    - आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर, उमंग (यूनिफाइड मोबाइल एप्लीकेशन फॉर न्यू-एज गवर्नेंस), ई-हस्ताक्षर और सहमति रूपरेखा सहित इंडिया स्टैक की कलाकृतियों का लाभ उठाकर प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से नागरिक सेवाओं में बदलाव।
    - संबद्ध सेवाओं हेतु ओपन इंटर-ऑपरेबल आर्किटेक्चर को अपनाकर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि आदि प्रमुख सामाजिक क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर के सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म का तेजी से कार्यान्वयन करना।
    - सरकारी संस्थाओं के भीतर डेटा साझा करने की सुविधा के लिये डेटा गवर्नेंस ढाँचे का संचालन करना और नकारात्मक सूची को छोड़कर सभी डेटा को data.gov.in पर उपलब्ध कराना।

2. 'उत्तर: B

व्याख्या:

'प्रारंभ' (Prarambh) शिखर सम्मेलन:

- 'प्रारंभ' (Prarambh) शिखर सम्मेलन का उद्देश्य दुनिया भर के स्टार्टअप्स और युवा विचारों को नए नवाचारों व आविष्कारों को एक साथ आने के लिये एक मंच प्रदान करना है।
    - इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के 56 देशों की भागीदारी देखी गई।
- शिखर सम्मेलन का आयोजन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग तथा आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) द्वारा किया जाता है।
- स्टार्टअप्स के लिये अन्य संबंधित पहलें:
    - स्टार्टअप इकोसिस्टम के आधार पर राज्यों की रैंकिंग: यह एक विकसित मूल्यांकन उपकरण है जिसका उद्देश्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के समर्थन के लिये समग्र रूप से अपने स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।
    - SCO स्टार्टअप फोरम: पहली बार शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organisation- SCO) स्टार्टअप फोरम को सामूहिक रूप से स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने और सुधारने के लिये अक्तूबर 2020 में लॉन्च किया गया था।
    - स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना: इसका उद्देश्य स्टार्टअप्स के प्रोटोटाइप का विकास, प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट, उत्पाद परीक्षण, बाज़ार में प्रवेश हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करना है।
    - स्टार्टअप इंडिया पहल: इसमें नवोन्मेष को बढ़ावा देने और उभरते उद्यमियों को अवसर प्रदान करने के लिये देश में एक मज़बूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की परिकल्पना की गई है। इसे वर्ष 2016 में लॉन्च किया गया था। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

3. उत्तर: D

व्याख्या

- 'TSENTR 2019' अभ्यास: यह अभ्यास व्यापक पैमाने पर आयोजित अभ्यासों की वार्षिक श्रृंखला का हिस्सा है, जो रूसी सशस्त्र बलों के वार्षिक प्रशिक्षण चक्र के तहत आयोजित होता है।
    - यह श्रृंखला चार मुख्य रूसी परिचालन रणनीतिक कमानों यानी वोस्तोक (पूर्व), ज़ापद (पश्चिम), TSENTR (केंद्र) और कावका (दक्षिण) के माध्यम से आयोजित होती है।
    - वर्ष 2019 का अभ्यास रूस के केंद्रीय सैन्य आयोग द्वारा आयोजित किया गया था।
    - अभ्यास की योजना 9 सितंबर से 23 सितंबर 2019 के बीच डोंगुज ट्रेनिंग रेंज, ऑरेनबर्ग, रूस में किया गया था।
    - मेज़बान रूस के अलावा, चीन, भारत, कज़ाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, पाकिस्तान और उज्बेकिस्तान के सैन्य दलों ने भी इस मेगा इवेंट में हिस्सा लिया था।
- इंद्र अभ्यास: यह भारत और रूस के बीच एक संयुक्त, त्रि-सेवा अभ्यास है।
    - 'इंद्र' अभ्यास श्रृंखला वर्ष 2003 में शुरू हुई थी। इसे दोनों देशों के बीच बारी-बारी से एकल सेवा अभ्यास के रूप में आयोजित किया गया था। हालाँकि, पहला संयुक्त त्रि-सेवा अभ्यास वर्ष 2017 में आयोजित किया गया था।
- ZAPAD 2021: यह एक बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास था। यह रूसी सशस्त्र बलों के थिएटर स्तर के अभ्यासों में से एक है और मुख्य रूप से आतंकवादियों के खिलाफ संचालन पर ध्यान केंद्रित करता है।
    - इसमें भाग लेने वाले नौ देश हैं- मंगोलिया, आर्मेनिया, कज़ाखस्तान, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, सर्बिया, रूस, भारत और बेलारूस।
    - आठ देश पर्यवेक्षक हैं- पाकिस्तान, चीन, वियतनाम, मलेशिया, बांग्लादेश, म्याँमार, उज्बेकिस्तान और श्रीलंका शामिल।
- नोमाडिक एलीफैंट: यह भारत-मंगोलिया के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत आतंकवाद विरोधी और आतंकवाद विरोधी अभियानों में सैनिकों को प्रशिक्षण देना है। अत: विकल्प D सही है।

4. उत्तर:C

व्याख्या:

तिरुवल्लुवर:

- तिरुवल्लुवर जिन्हें वल्लुवर भी कहा जाता है, एक तमिल कवि-संत थे। अत: कथन 1 सही है।
- धार्मिक पहचान के कारण उनकी कालावधि के संबंध में विरोधाभास है सामान्यत: उन्हें तीसरी-चौथी या आठवीं-नौवीं शताब्दी का माना जाता है।
- सामान्यत: उन्हें जैन धर्म से संबंधित माना जाता है। हालाँकि हिंदुओं का दावा है कि तिरुवल्लुवर हिंदू धर्म से संबंधित थे।
- द्रविड़ समूहों (Dravidian Groups) ने उन्हें एक संत माना क्योंकि वे जाति व्यवस्था में विश्वास नहीं रखते थे।
- उनके द्वारा संगम साहित्य में तिरुक्कुरल या 'कुराल' (Tirukkural or 'Kural') की रचना की गई थी। अत: कथन 2 सही है।
- तिरुक्कुरल में 10 कविताएँ व 133 खंड शामिल हैं, जिनमें से प्रत्येक को तीन पुस्तकों में विभाजित किया गया है:
    - अराम- Aram (सदगुण- Virtue)।
    - पोरुल- Porul (सरकार और समाज)।
    - कामम- Kamam (प्रेम)।

5. उत्तर: C

व्याख्या:

- यह 17 दुर्लभ धातु तत्त्वों का समूह है।
- इसमें आवर्त सारणी में मौजूद 15 लैंथेनाइड और इसके अलावा स्कैंडियम तथा अट्रियम शामिल हैं, जो लैंथेनाइड्स के समान ही भौतिक एवं रासायनिक गुण प्रदर्शित करते हैं।

**नोट :**

- इन खनिजों में अद्वितीय चुंबकीय, ल्यूमिनिसेंट और विद्युत रासायनिक गुण मौजूद रहते हैं और इस प्रकार ये तत्त्व उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर और नेटवर्क, संचार, स्वास्थ्य देखभाल, राष्ट्रीय रक्षा आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में काफी महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- यह सत्रह धातु तत्वों का एक समूह हैं।
  - 17 दुर्लभ तत्त्वों में सीरियम (Ce), डिसप्रोसियम (Dy), अर्बियम (Er), युरोपियम (Eu), गैडोलीनियम (Gd), होल्मियम (Ho), लैंथेनम (La), ल्यूटेशियम (Lu), नियोडिमियम (Nd), प्रेजोडायमियम (Pr), प्रोमीथियम (Pm), समेरियम (Sm), स्कैंडियम (Sc), टर्बियम (Tb), थ्यूलियम (Tm), इटरबियम (Yb) और अट्रियम (Y) शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।

6. उत्तर: A

व्याख्या:

- तकनीकी वस्त्र कार्यात्मक वस्त्र होते हैं जो ऑटोमोबाइल, सिविल इंजीनियरिंग और निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, औद्योगिक सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा इत्यादि सहित विभिन्न उद्योगों में अनुप्रयोग होते हैं।
  - तकनीकी वस्त्र उत्पाद की मांग किसी देश के विकास और औद्योगीकरण पर निर्भर करती है।
- तकनीकी वस्त्र परिदृश्य:
  - भारत में तकनीकी वस्त्रों के विकास ने पिछले पाँच वर्षों में गति पकड़ी है, जो वर्तमान में 8% प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है।
    - अगले पाँच वर्षों के दौरान इस वृद्धि को 15-20% की सीमा तक ले जाने का लक्ष्य है।
  - मौजूदा विश्व बाज़ार 250 अरब अमेरिकी डॉलर का है और इसमें भारत की हिस्सेदारी 19 अरब अमेरिकी डॉलर है।
  - भारत इस बाज़ार में 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर (8% शेयर) के साथ एक महत्त्वाकांक्षी देश है।
    - सबसे बड़े देश यूएसए, पश्चिमी यूरोप, चीन और जापान (20-40%) हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- वस्त्र उद्योग से संबंधित पहल:
  - कपड़ा क्षेत्र के लिये उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना: इसका उद्देश्य उच्च गुणवत्ता के मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) कपड़े, वस्त्र और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देना है।
  - एकीकृत वस्त्र पार्क योजना (Scheme for Integrated Textile Parks- SITP): यह योजना कपड़ा इकाइयों की स्थापना के लिये विश्व स्तरीय बुनियादी सुविधाओं के निर्माण हेतु सहायता प्रदान करती है।
  - टेक्नोटेक्स इंडिया: यह कपड़ा मंत्रालय द्वारा फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से आयोजित एक प्रमुख कार्यक्रम है और इसमें वैश्विक तकनीकी कपड़ा मूल्य श्रृंखला के हितधारकों की भागीदारी के साथ प्रदर्शनियाँ, सम्मेलन और सेमिनार शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - तकनीकी वस्त्र के लिये नामकरण प्रणाली (HSN) कोड: सरकार ने वस्त्र निर्माताओं को वित्तीय सहायता एवं अन्य प्रोत्साहन प्रदान करने तथा आयात और निर्यात के आँकड़ों की निगरानी में मदद करने के लिये तकनीकी वस्त्रों हेतु 207 'हार्मोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर' (HSN) कोड प्रदान किये हैं। अत: कथन 1 सही है।

7. उत्तर: C

व्याख्या:

- गुरु रविदास 15वीं और 16वीं शताब्दी के भक्ति आंदोलन के एक रहस्यवादी कवि संत थे और उन्होंने रविदासिया धर्म की स्थापना की। अत: कथन 1 सही है।
  - एक ईश्वर में विश्वास और निष्पक्ष धार्मिक कविताओं की रचना के कारण उन्हें ख्याति प्राप्त हुई।
  - उन्होंने अपना पूरा जीवन जाति व्यवस्था के उन्मूलन के लिये समर्पित कर दिया और ब्राह्मणवादी समाज की धारणा की खुले तौर पर निंदा की।

नोट :

- उनके भक्ति गीतों ने भक्ति आंदोलन पर त्वरित प्रभाव डाला। उनकी लगभग 41 कविताओं को सिखों के धार्मिक पाठ 'गुरु ग्रंथ साहिब' में भी शामिल किया गया।
- डेरा सचखंड बल्लन जो कि दुनिया भर में 20 लाख अनुयायियों के साथ उनका सबसे बड़ा डेरा है, बाबा संत पीपल दास द्वारा 20वीं शताब्दी की शुरुआत में स्थापित किया गया था।
  - पूर्व में सिख धर्म से निकटता से जुड़े होने के बावजूद इस डेरा ने वर्ष 2010 में दशकों पुराने संबंधों को तोड़ दिया और घोषणा की कि वे रविदासिया धर्म का पालन करेंगे।
  - वर्ष 2010 से डेरा सचखंड बल्लन ने रविदासिया मंदिरों और गुरुद्वारों में गुरु ग्रंथ साहिब को अपने स्वयं के ग्रंथ, अमृतबाणी के साथ प्रतिस्थापित कर दिया, जिसमें गुरु रविदास के 200 भजन शामिल थे। अत: कथन 2 सही है।

8. उत्तर: D

व्याख्या

- भारतीय चुनाव आयोग (ECI) भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के प्रशासन हेतु उत्तरदायी एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है।
- यह निकाय भारत में लोकसभा, राज्य सभा और राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के कार्यालयों के चुनावों का संचालन करता है।
- भारतीय संविधान का भाग XV चुनावों से संबंधित है और इन मामलों के लिये एक आयोग की स्थापना की बात करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - चुनाव आयोग की स्थापना संविधान के अनुसार 25 जनवरी, 1950 को हुई थी।
  - संविधान का अनुच्छेद 324 से 329 आयोग और सदस्यों की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित है।
- मूल रूप से आयोग में केवल एक चुनाव आयुक्त था लेकिन चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम 1989 के बाद, इसे एक बहु-सदस्यीय निकाय बना दिया गया है। अत: कथन 2 सही है।
- आयोग में भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
- इनका निश्चित कार्यकाल छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, होता है।
  - मुख्य चुनाव आयुक्त को संसद द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने की प्रक्रिया के समान ही पद से हटाया जा सकता है। अत: कथन 3 सही है।

9. उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में "इनइक्वालिटी किल्स" शीर्षक वाली ऑक्सफैम रिपोर्ट जारी की गई है, जिसने वैश्विक स्तर पर और भारत में कोविड-19 महामारी के कारण आय पर बुरे प्रभाव की ओर इशारा किया है।
  - ऑक्सफैम लोगों का एक वैश्विक आंदोलन है, जो गरीबी के अन्याय को खत्म करने के लिए मिलकर काम कर रहा है। इसका मतलब है कि हम उस असमानता से निपटते हैं जो लोगों को गरीब रखती है।
- रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 में देश के 84 फीसदी परिवारों की आय में गिरावट आई लेकिन साथ ही भारतीय अरबपतियों की संख्या 102 से बढ़कर 142 हो गई।
  - महामारी के दौरान भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 23.14 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 53.16 लाख करोड़ रुपए हो गई।
  - वर्ष 2020 में 4.6 करोड़ से अधिक भारतीयों के अत्यधिक गरीब होने का अनुमान है जो संयुक्त राष्ट्र के आँकड़ों के अनुसार नए वैश्विक गरीबों का लगभग आधा हिस्सा है। अत: विकल्प B सही है।

नोट :

10. उत्तर: C

व्याख्या:

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग:

- NCPCR का गठन मार्च 2007 में 'कमीशंस फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स' (Commissions for Protection of Child Rights- CPCR) अधिनियम, 2005 के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में किया गया है।
- यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत है। अत: कथन 1 सही है।
- आयोग का अधिदेश (Mandate) यह सुनिश्चित करता है कि सभी कानून, नीतियाँ, कार्यक्रम और प्रशासनिक तंत्र भारत के संविधान में निहित बाल अधिकार के प्रावधानों के साथ-साथ संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के बाल अधिकारों के अनुरूप भी हों।
- यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 (Right to Education Act, 2009) के तहत एक बच्चे के लिये मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार से संबंधित शिकायतों की जाँच करता है। अत: कथन 2 सही है।
- यह लैंगिक अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम, 2012 [Protection of Children from Sexual Offences (POCSO) Act, 2012] के कार्यान्वयन की निगरानी करता है।

11. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) ने 'वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक ट्रेंड्स' (WESO Trends) 2022 शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की।
  - वर्ल्ड एम्प्लॉयमेंट एंड सोशल आउटलुक ट्रेंड्स में वर्ष 2022 और वर्ष 2023 के लिये व्यापक श्रम बाज़ार अनुमान भी शामिल हैं। यह आकलन बताता है कि दुनिया भर में श्रम बाज़ार में किस प्रकार सुधार हुआ है और जो महामारी से उबरने के लिये विभिन्न राष्ट्रीय दृष्टिकोणों को दर्शाता है और श्रमिकों तथा आर्थिक क्षेत्रों के विभिन्न समूहों पर प्रभावों का विश्लेषण करता है।
- इस संगठन को वर्ष 1919 में वर्साय की संधि के हिस्से के रूप में बनाया गया था, जो कि इस विश्वास के साथ गठित किया गया था कि सार्वभौमिक और स्थायी शांति तभी प्राप्त की जा सकती है जब यह सामाजिक न्याय पर आधारित हो।
  - वर्ष 1946 में यह संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी बना।
  - यह एक त्रिपक्षीय संगठन है, जो अपने कार्यकारी निकायों में सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिकों के प्रतिनिधियों को एक साथ लाता है।
  - भारत ILO का संस्थापक सदस्य है और इसमें कुल 187 सदस्य हैं। अत: विकल्प C सही है।

12. उत्तर: C

व्याख्या

- इंडोनेशिया हिंद और प्रशांत महासागरों के बीच दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया में स्थित एक देश है। इसमें 17,000 से अधिक द्वीप शामिल हैं, जिनमें सुमात्रा, सुलावेसी, जावा आदि शामिल हैं।
- इंडोनेशिया का सबसे पश्चिमी और दूसरा सबसे बड़ा द्वीप सुमात्रा है जो 1,790 किमी. लंबा व 435 किमी. चौड़ा है तथा इसके पश्चिमी और पूर्वी तटों पर छोटे द्वीपों से घिरा है। अत: विकल्प C सही है।

13. उत्तर: A

व्याख्या:

लाल सागर:

- लाल सागर विश्व का सबसे उत्तरी उष्णकटिबंधीय सागर है और सबसे अधिक यात्रा किये जाने वाले जलमार्गों में से एक है।
- इस सागर का क्षेत्रफल लगभग 438,000 वर्ग किमी तथा इसकी लंबाई लगभग 2,250 एवं अधिकतम चौड़ाई 355 किमी है और समुद्र का सबसे गहरा बिंदु सुकिन ट्रफ (Suakin Trough) इसके मध्य में लगभग 3,040 मीटर है तथा सागर की अनुमानित औसत गहराई 490 मीटर है।

नोट :

- लाल सागर एक वैश्विक 200वां ईकोरियोजन (Ecoregion) है और इसके नीचे लाल सागर दरार है, जो इसे ग्रेट रिफ्ट वैली का एक हिस्सा बनाती है।
- एशिया और अफ्रीका के कुल 6 देश लाल सागर की सीमा पर हैं। यमन और सऊदी अरब पूर्व में लाल सागर की सीमा बनाते हैं।
- लाल सागर की सीमा उत्तर-पश्चिम में मिस्र तथा पश्चिम में सूडान, इरिट्रिया व जिबूती से लगती है।
- Tअकाबा की खाड़ी (Gulf of Aqaba) इज़रायल, जॉर्डन और सऊदी अरब के साथ मिस्र से लगती है। इन 6 देशों के अलावा सोमालिया सहित कुछ अन्य क्षेत्रों को भी अक्सर लाल सागर क्षेत्र के रूप में पहचाना जाता है क्योंकि इनकी सागर से निकटता और लाल सागर की सीमा वाले देशों के साथ इनकी भौगोलिक समानताएँ हैं। अत: विकल्प A सही है।

14. उत्तर: C

व्याख्या

- ला नीना, अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) का एक शीत चरणीय पैटर्न है जो उष्णकटिबंधीय पूर्वी प्रशांत के असामान्य शीतलन का वर्णन करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - अल नीनो के विपरीत ला नीना की घटनाएँ एक से तीन वर्ष के बीच घटित हो सकती हैं, जो आमतौर पर एक वर्ष से अधिक नहीं चलती है।
- ला नीना के प्रभाव:
  - ला नीना के प्रभाव ने दुनिया के तापमान को कम रखा।
    - ला नीना एक मौसम पैटर्न है जो प्रशांत महासागर में घटित होती है लेकिन दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करती है।
    - ला नीना घटना तब घटित होती है जब दक्षिण अमेरिकी उष्णकटिबंधीय के प्रशांत तट के साथ समुद्र की सतह का पानी ठंडा हो जाता है। यह लगभग हर दो से सात वर्ष में होता है। अत: कथन 2 सही है।

15. उत्तर: D

व्याख्या

- 5G प्रौद्योगिकी की विशेषताएँ:
  - मिलीमीटर वेव स्पेक्ट्रम: 5G नेटवर्क मिलीमीटर वेव स्पेक्ट्रम (30-300 गीगाहर्ट्ज़) में काम करेगा। इस नेटवर्क के माध्यम से तीव्र गति से अधिक मात्रा में डेटा भेजा जा सकता है क्योंकि आवृत्ति अधिक होने के कारण यह आसपास के संकेतों से बहुत कम प्रभावित होगा। अत: कथन 1 सही है।
  - उन्नत LTE: 5G, मोबाइल ब्रॉडबैंड नेटवर्क में नवीनतम दीर्घकालिक अपग्रेड (Long-Term Evolution) है। अत: कथन 2 सही है।
  - इंटरनेट स्पीड: 5G के हाई-बैंड स्पेक्ट्रम में इंटरनेट की स्पीड को 20 Gbps (प्रति सेकंड गीगाबिट्स) दर्ज किया गया है, जबकि 4G में इंटरनेट की स्पीड 1 Gbps होती है। अत: कथन 3 सही है।
    - 5G नेटवर्क में डाउनलिंक (Downlink) की स्पीड 20 Gb/s और अपलिंक (Uplink) की स्पीड 10 Gb/s होगी।

16. उत्तर: D

व्याख्या:

भारत में प्रेस की स्वतंत्रता:

- रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य, 1950: रोमेश थापर बनाम मद्रास राज्य में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता सभी लोकतांत्रिक संगठनों की नींव है।
- अनुच्छेद 19 के तहत मौलिक अधिकार: भारतीय संविधान अनुच्छेद 19 के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जो 'भाषण की स्वतंत्रता आदि के संबंध में कुछ अधिकारों के संरक्षण' से संबंधित है।
- निहित अधिकार: प्रेस की स्वतंत्रता भारतीय कानूनी प्रणाली द्वारा स्पष्ट रूप से संरक्षित नहीं है, लेकिन यह संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) के तहत संरक्षित है।

नोट :

- हालाँकि, प्रेस की स्वतंत्रता भी पूर्ण नहीं है।
  - एक कानून इस अधिकार के प्रयोग पर केवल प्रतिबंध लगा सकता है, यह अनुच्छेद 19 (2) के तहत कुछ प्रतिबंधों का सामना करता है, जो इस प्रकार है:
- भारत की संप्रभुता और अखंडता
- राज्य की सुरक्षा
- विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध
- सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता या में
- न्यायालय की अवमानना
- मानहानि
- किसी अपराध के लिये उकसाना। अत: विकल्प D सही है।

17. उत्तर: C

व्याख्या:

सा₹थी:

- हाल ही में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने निवेशकों को शिक्षित करने वाला एक मोबाइल एप सा₹थी लॉन्च किया है।
  - 'R' '₹' को व्यक्त करता है।
- इसका उद्देश्य निवेशकों के बीच प्रतिभूति बाज़ार की बुनियादी अवधारणाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना है।
- यह एप केवाईसी प्रक्रिया, व्यापार और निपटान, म्यूचुअल फंड (एमएफ), हालिया बाज़ार के विकास, निवेशक शिकायत निवारण तंत्र आदि के बारे में भी बताएगा।

प्रतिभूति बाज़ार:

- प्रतिभूतियाँ एक प्रकार का वित्तीय साधन हैं, जो धन जुटाने हेतु जारी किये जाते हैं।
- प्रतिभूति बाज़ारों का प्राथमिक कार्य उन लोगों से पूंजी के प्रवाह को सक्षम करना है, जिनके पास इसकी अधिकता है।
- प्रतिभूति बाज़ार निवेश के लिये धन के आवंटन हेतु चैनल प्रदान करते हैं और इस तरह इन दोनों गतिविधियों को अलग कर देते हैं। अत: विकल्प C सही है

18. उत्तर: A

व्याख्या:

वैश्विक भुखमरी सूचकांक:

- वार्षिक रिपोर्ट: कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्थुंगरहिल्फ द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - यह पहली बार वर्ष 2006 में जारी किया गया था। यह हर वर्ष अक्तूबर में जारी किया जाता है। इसका 2021 संस्करण GHI के 16वें संस्करण को संदर्भित करता है।
- उद्देश्य: वैश्विक, क्षेत्रीय और देश के स्तर पर भूख को व्यापक रूप से मापना और ट्रैक करना।
- गणना: इसकी गणना चार संकेतकों के आधार पर की जाती है:
  - अल्पपोषण: अपर्याप्त कैलोरी सेवन वाली जनसंख्या।
  - चाइल्ड वेस्टिंग: पाँच साल से कम उम्र के बच्चों का हिस्सा, जिनका वज़न उनकी ऊँचाई के हिसाब से कम है, यह तीव्र कुपोषण को दर्शाता है।
  - चाइल्ड स्टंटिंग: पाँच साल से कम उम्र के बच्चों का हिस्सा, जिनका वज़न उनकी उम्र के हिसाब से कम है, यह कुपोषण को दर्शाता है।
  - बाल मृत्यु दर: पाँच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर।
- वैश्विक भुखमरी सूचकांक (GHI) 2021 में भारत को 116 देशों में से 101वाँ स्थान प्राप्त हुआ है। वर्ष 2020 में भारत 94वें स्थान पर था। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

19. उत्तर: B

व्याख्या:

अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ:

- अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecommunication Union- ITU) सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के लिये संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है।
  - यह संयुक्त राष्ट्र की सभी 15 विशिष्ट एजेंसियों में सबसे पुरानी है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- जिनेवा, स्विट्जरलैंड में स्थित, यह संयुक्त राष्ट्र विकास समूह का सदस्य भी है तथा विश्व में इसके 12 क्षेत्रीय और क्षेत्रीय कार्यालय हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इसकी सदस्यता में 193 सदस्य राज्य और लगभग 800 सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियाँ और शैक्षणिक संस्थान के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दूरसंचार संस्थाएँ शामिल हैं।
  - भारत को अगले 4 वर्षों की अवधि (2019-2022) के लिये पुन: अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) परिषद का सदस्य चुना गया है। भारत वर्ष 1952 से इसका एक नियमित सदस्य बना हुआ है।

20. उत्तर: D

व्याख्या

- रिंग ऑफ फायर, जिसे प्रशांत रिम या सर्कम-पैसिफिक बेल्ट भी कहा जाता है, प्रशांत महासागर के साथ स्थित एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ अधिकांश सक्रिय ज्वालामुखी और भूकंप रिकॉर्ड किये जाते हैं।
  - पृथ्वी के 75% ज्वालामुखी यानी 450 से अधिक ज्वालामुखी रिंग ऑफ फायर के किनारे स्थित हैं। पृथ्वी के 90% भूकंप इस क्षेत्र में आते हैं, जिसमें पृथ्वी की सबसे हिंसक और नाटकीय भूकंपीय घटनाएँ शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।
- रिंग ऑफ फायर प्रशांत, जुआन डे फूका, कोकोस, भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई, नाज़्का, उत्तरी अमेरिकी और फिलीपीन प्लेट्स सहित कई टेक्टोनिक प्लेटों के बीच लगभग 40,000 किलोमीटर तक विस्तृत है। अत: कथन 2 सही है।
- यह शृंखला दक्षिण और उत्तरी अमेरिका के पश्चिमी तट के साथ लगती है, अलास्का में एल्यूशियन द्वीपों (Aleutian Islands) को पार कर न्यूज़ीलैंड व पूर्व एशिया के पूर्वी तट तथा अंटार्कटिका के उत्तरी तट के साथ लगती है। अत: कथन 3 सही है।
- बोलीविया, चिली, इक्वाडोर, पेरू, कोस्टा रिका, ग्वाटेमाला, मैक्सिको, संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, रूस, जापान, फिलीपींस, ऑस्ट्रेलिया, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, न्यूज़ीलैंड और अंटार्कटिका रिंग ऑफ फायर में स्थित कुछ महत्त्वपूर्ण स्थान हैं।

21. उत्तर: A

व्याख्या:

- रोगाणुरोधी प्रतिरोध (Antimicrobial Resistance-AMR) का तात्पर्य किसी भी सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया, वायरस, कवक, परजीवी, आदि) द्वारा एंटीमाइक्रोबियल दवाओं (जैसे एंटीबायोटिक्स, एंटीफंगल, एंटीवायरल, एंटीमाइरियल और एंटीहेलमिंटिक्स) जिनका उपयोग संक्रमण के इलाज के लिये किया जाता है, के खिलाफ प्रतिरोध हासिल कर लेने से है।
  - परिणामस्वरूप मानक उपचार अप्रभावी हो जाते हैं, संक्रमण जारी रहता है और दूसरों में फैल सकता है।
  - रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को कभी-कभी "सुपरबग्स" के रूप में जाना जाता है।
    - विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने AMR को वैश्विक स्वास्थ्य के लिये शीर्ष दस खतरों में से एक के रूप में पहचाना है।
- ग्लोबल रिसर्च ऑन एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (GRAM) की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 में AMR (एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस) के प्रत्यक्ष परिणाम के 1.27 मिलियन लोगों की मौत हुई।
  - AMR के कारण होने वाली मौतें अब दुनिया भर में मौत का एक प्रमुख कारण है, जो एचआईवी/एड्स या मलेरिया से ज़्यादा हैं। अत: कथन 1 सही है।
  - AMR से अधिकांश मौतें श्वसन संक्रमण, जैसे निमोनिया, और रक्त प्रवाह संक्रमण के कारण हुईं, जिससे सेप्सिस हो सकता है।

नोट :

- AMR (भारत में) को संबोधित करने के लिये किये गए उपाय:
  - AMR पर राष्ट्रीय कार्ययोजना: यह स्वास्थ्य दृष्टिकोण पर केंद्रित है और अप्रैल 2017 में विभिन्न हितधारक मंत्रालयों/विभागों को शामिल करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
  - एंटीबायोटिक प्रबंधन कार्यक्रम: ICMR ने अस्पताल वार्डों और आईसीयू में एंटीबायोटिक दवाओं के दुरुपयोग तथा अति प्रयोग को नियंत्रित करने के लिये भारत में एक पायलट परियोजना पर एंटीबायोटिक स्टीवर्डशिप कार्यक्रम शुरू किया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - DCGI ने अनुपयुक्त पाए गए 40 निश्चित खुराक संयोजन (Fixed Dose Combinations- FDCs) पर प्रतिबंध लगा दिया है।

22. उत्तर: B

व्याख्या:

चुनावी बॉण्ड के बारे में:

- चुनावी बॉण्ड बिना किसी अधिकतम सीमा के 1,000 रुपए, 10,000 रुपए, 1 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 1 करोड़ रुपए के गुणकों में जारी किये जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय स्टेट बैंक इन बॉण्डों को जारी करने और भुनाने (Encash) के लिये अधिकृत बैंक है, ये बॉण्ड जारी करने की तारीख से पंद्रह दिनों तक वैध रहते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- यह बॉण्ड इन्हें एक पंजीकृत राजनीतिक पार्टी के निर्दिष्ट खाते में प्रतिदेय होता है।
- बॉण्ड किसी भी व्यक्ति (जो भारत का नागरिक है) द्वारा जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर के महीनों में प्रत्येक दस दिनों की अवधि हेतु खरीद के लिये उपलब्ध होते हैं, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट किया गया है। अत: कथन3 सही है।
- एक व्यक्ति या तो अकेले या अन्य व्यक्तियों के साथ संयुक्त रूप से बॉण्ड खरीद सकता है।
- बॉण्ड पर दाता के नाम का उल्लेख नहीं किया जाता है।

23. उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में पंचायती राज मंत्रालय ने ग्रामीण भारत के स्वरूप को बदलने और ग्रामीण समृद्धि सुनिश्चित करने हेतु 'ग्रामीण क्षेत्र विकास योजना निर्माण और कार्यान्वयन (RADPFI) दिशानिर्देश, 2021' को प्रस्तावित किया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- RADPFI 2021 दिशानिर्देश स्थानिक ग्रामीण नियोजन को बढ़ावा देने की दिशा में मंत्रालय के प्रयासों का हिस्सा है और यह गाँवों में दीर्घकालिक नियोजन हेतु एक परिप्रेक्ष्य विकसित कर ग्रामीण परिवर्तन का मार्ग तैयार करेगा। अत: कथन 2 सही है।
- इन नए दिशानिर्देशों के माध्यम से 'ग्रामीण क्षेत्र विकास योजना निर्माण और कार्यान्वयन (RADPFI) दिशानिर्देश, 2017' को संशोधित किया जाएगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।

24.उत्तर: C

व्याख्या

- अखिल भारतीय सेवा अधिकारियों की भर्ती केंद्र सरकार द्वारा (UPSC के माध्यम से) की जाती है और उनकी सेवाओं को विभिन्न राज्य संवर्गों के तहत आवंटित किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसलिये उनकी राज्य और केंद्र दोनों के अधीन सेवा करने की जवाबदेही होती है।
- राज्यों को केंद्र सरकार के कार्यालयों में अखिल भारतीय सेवा (एआईएस) अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करनी होती है और किसी भी समय यह कुल संवर्ग की संख्या के 40% से अधिक नहीं हो सकती है। अत: कथन 2 सही है।

25. उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय संविधान में 42वें संशोधन ने अनुच्छेद 48A और 51A(g) को जोड़ा जो क्रमश: राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत और मौलिक कर्तव्य शामिल हैं।
    - अनुच्छेद 48A: राज्य पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने एवं देश के वनों और वन्यजीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा।
    - अनुच्छेद 51A (g): प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा एवं सुधार करना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा। अत: कथन 1 सही है।
- नई परियोजनाओं की स्थापना या मौजूदा परियोजनाओं के विस्तार या आधुनिकीकरण पर प्रतिबंध लगाने हेतु पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 3 के तहत एक पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना जारी की जाती है। अत: कथन 2 सही है।

26.उत्तर: A

व्याख्या

- सुभाष चंद जन्म 23 जनवरी, 1897 को उड़ीसा के कटक शहर में हुआ था।
    - वह विवेकानंद की शिक्षाओं से अत्यधिक प्रभावित थे और उन्हें अपना आध्यात्मिक गुरु मानते थे। उनके राजनीतिक गुरु चितरंजन दास थे।
        - वर्ष 1921 में बोस ने चित्तरंजन दास की स्वराज पार्टी द्वारा प्रकाशित समाचार पत्र 'फॉरवर्ड' के संपादन का कार्यभार संभाला। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- कॉन्ग्रेस के साथ संबंध:
    - उन्होंने बिना शर्त स्वराज (Unqualified Swaraj) अर्थात् स्वतंत्रता का समर्थन किया और मोतीलाल नेहरू रिपोर्ट (Motilal Nehru Report) का विरोध किया जिसमें भारत के लिये डोमिनियन के दर्जे की बात कही गई थी।
    - उन्होंने वर्ष 1930 के नमक सत्याग्रह में सक्रिय रूप से भाग लिया और वर्ष 1931 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के निलंबन तथा गांधी-इरविन समझौते पर हस्ताक्षर करने का विरोध किया। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।
    - वर्ष 1930 के दशक में वह जवाहरलाल नेहरू और एम.एन. रॉय के साथ कॉन्ग्रेस की वाम राजनीति में संलग्न रहे।
        - हालाँकि राजनीतिक मतभेद के कारण उन्होंने बाद में एक पार्टी 'फॉरवर्ड ब्लॉक' की स्थापना की।

27.उत्तर: C

व्याख्या:

| हिंदू कानून से संबंधित विधियाँ/नियम | |
|---|---|
| **मिताक्षरा कानून** | **दयाभागा कानून** |
| मिताक्षरा पद की उत्पत्ति याज्ञवल्क्य स्मृति पर विज्ञानेश्वर द्वारा लिखित एक टीका के नाम से हुई है। | दयाभाग पद जिमुतवाहन द्वारा लिखी गई, समान नाम की पुस्तक से लिया गया है। |
| भारत के सभी भागों में इसका प्रभाव देखने को मिलता है और यह बनारस, मिथिला, महाराष्ट्र एवं द्रविड़ शैली में उप-विभाजित है। | बंगाल और असम में इसका प्रभाव देखने को मिलता है। |
| जन्म से ही संयुक्त परिवार की पैतृक संपत्ति में पुत्र की हिस्सेदारी होती है। | पुत्र का संपत्ति पर जन्म से कोई स्वत: स्वामित्व/अधिकार नहीं होता है, परंतु वह अपने पिता की मृत्यु के बाद स्वत: ही इस अधिकार को प्राप्त कर लेता है। |
| एक पिता के संपूर्ण जीवनकाल के दौरान परिवार के सभी सदस्य को कॉपर्सनरी का अधिकार प्राप्त होता है। | पिता के जीवनकाल में पुत्र को कॉपर्सनर का अधिकार प्राप्त नहीं होता है। |

नोट :

| | |
|---|---|
| इसमें कॉपर्सनर का भाग परिभाषित नहीं है और इसे समाप्त नहीं किया जा सकता है। | प्रत्येक कॉपर्सनर के हिस्से को परिभाषित किया गया है और इसे समाप्त किया जा सकता है। |
| पत्नी बँटवारे की मांग नहीं कर सकती है लेकिन उसे अपने पति और पुत्रों के बीच किसी भी बँटवारे में हिस्सेदारी का अधिकार प्राप्त है। | यहाँ महिलाओं के लिये समान अधिकार मौजूद नहीं है क्योंकि पुत्र बँटवारे की मांग नहीं कर सकता हैं और यहाँ पिता ही पूर्ण मालिक होता है। |

28. उत्तर: C

व्याख्या:

अनुच्छेद 243 D:

- यह प्रत्येक पंचायत में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, महिलाओं और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये सीटों के आरक्षण को सक्षम बनाता है।
- इस प्रकार आरक्षित सीटों की संख्या उस पंचायत में प्रत्यक्ष चुनाव द्वारा भरे जाने वाली सीटों की कुल संख्या के अनुपात में उस पंचायत क्षेत्र में अनुसूचित जनजातियों या अनुसूचित जातियों की जनसंख्या के अनुपात के समान होगी। यह उस पंचायत क्षेत्र में उस क्षेत्र की कुल जनसंख्या का भार है तथा ऐसी सीटों को एक पंचायत के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में चक्रानुक्रम से आवंटित किया जा सकता है। अत: विकल्प C सही है।

29. उत्तर: B

व्याख्या:

डार्क मैटर:

- डार्क मैटर का हालाँकि कभी पता नहीं चला लेकिन माना जाता है कि यह पूरे ब्रह्मांड में फैला हुआ है।
- यह माना जाता है कि पुराने ब्लैक होल, जो ब्रह्मांड के प्रारंभिक युग में बने थे, डार्क मैटर का स्रोत हैं। यह प्रोफेसर स्टीफन हॉकिंग द्वारा कहा गया था। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- ऐसा माना जाता है कि डार्क एनर्जी के साथ मिलकर यह ब्रह्मांड के 95% से अधिक भाग का निर्माण करता है।
- इसका गुरुत्वाकर्षण बल हमारी आकाशगंगा में तारों को दूर जाने से रोकता है। अत: कथन 2 सही है।
- हालाँकि भूमिगत प्रयोगों या दुनिया के सबसे बड़े त्वरक, लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर (एलएचसी) सहित अन्य प्रयोगों का उपयोग करके ऐसे डार्क मैटर कणों का पता लगाने के प्रयास अब तक विफल रहे हैं।

30. उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय राष्ट्रीय सेना का गठन पहली बार मोहन सिंह और जापानी मेजर इविची फुजिवारा (Iwaichi Fujiwara) के नेतृत्त्व में किया गया था तथा इसमें मलायन (वर्तमान मलेशिया) अभियान के दौरान सिंगापुर में जापान द्वारा कैद किये गए ब्रिटिश-भारतीय सेना के युद्ध बंदियों को शामिल किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- सुभाष चंद्र बोस जुलाई 1943 में जर्मनी से जापान-नियंत्रित सिंगापुर पहुँचे वहाँ से उन्होंने अपना प्रसिद्ध नारा 'दिल्ली चलो' जारी किया और 21 अक्तूबर, 1943 को आज़ाद हिंद सरकार तथा भारतीय राष्ट्रीय सेना के गठन की घोषणा की।अत: कथन 2 सही है।
- साथ ही INA में सिंगापुर की जेल में बंद भारतीय कैदी और दक्षिण-पूर्व एशिया के भारतीय नागरिक भी शामिल थे। इसकी सैन्य संख्या बढ़कर 50,000 हो गई थी।

31. उत्तर: A

व्याख्या:

आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2022:

- हाल ही में वैश्विक आतंकवाद रोधी परिषद (Global Counter Terrorism Council- GCTC) द्वारा आतंकवाद के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (International Counter Terrorism Conference) 2022 का आयोजन किया गया। अत: कथन 1 सही है।

- GCTC एक अंतर्राष्ट्रीय थिंक-टैंक काउंसिल है, जिसका उद्देश्य दुनिया भर में लोगों की आतंकवाद के प्रति सुभेद्यता को कम करना, आतंकवादी गतिविधियों पर अंकुश लगाना, उनका मुकाबला करना और आतंकवाद के लिये उकसाने एवं आतंकी गतिविधयों के लिये भर्ती करने वालों पर मुकदमा चलाना है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

32. उत्तर: C

व्याख्या:

- कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA) की स्थापना भारत सरकार द्वारा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1985 के तहत की गई थी। यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कार्य करता है।
  - प्राधिकरण का मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- यह संसद के एक अधिनियम तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत स्थापित एक प्राधिकरण है।
- इसे निर्यात प्रोत्साहन और अनुसूचित उत्पादों जैसे- फल, सब्जियां, मांस उत्पाद, डेयरी उत्पाद, मादक और गैर-मादक पेय आदि के विकास की ज़िम्मेदारी के साथ आज्ञापित किया गया है।
- एपीडा (APEDA) को चीनी के आयात की निगरानी की ज़िम्मेदारी भी सौंपी गई है। अत: विकल्प C सही है।

33.उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को अखिल भारतीय स्तर पर एक समर्पित भारतीय पर्यावरण सेवा (Indian Environment Service- IES) स्थापित करने के लिये कहा है।
- भारतीय पर्यावरण सेवा (IES) के गठन की सिफारिश वर्ष 2014 में पूर्व कैबिनेट सचिव टीएसआर सुब्रमण्यम की अध्यक्षता वाली एक समिति द्वारा की गई थी।
  - इसका गठन देश में पर्यावरण कानूनों की समीक्षा करने और उन्हें तत्कालीन ज़रूरतों के अनुरूप बनाने के लिये किया गया था।
- टी.एस.आर. सुब्रमण्यम समिति की टिप्पणीयाँ:
  - वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्था को देखते हुए यह अनुमान लगाया जा सकता है कि सरकारी कर्मचारी पर्यावरणीय उद्देश्यों हेतु विशेष समय निकलने में समर्थ नहीं है।
  - भारत के पास एक मज़बूत पर्यावरण नीति और विधायी ढाँचा तो था लेकिन इसके कमजोर कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप संरक्षण विशेषज्ञों एवं न्यायपालिका द्वारा इसके पर्यावरण प्रशासन की आलोचना की जाती रही है।
  - इस समिति ने पर्यावरण संबंधी चिंताओं के एकीकरण के संबंध में विभिन्न मंत्रालयों/संस्थाओं के मध्य प्रभावी समन्वय के अभाव को उजागर किया। अत: विकल्प B सही है।

34. उत्तर: D

व्याख्या

- K-शेप्ड रिकवरी:
  - K-शेप्ड रिकवरी (K-Shaped Recovery) तब होती है, जब मंदी के बाद अर्थव्यवस्था के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग दर, समय या परिमाण में 'रिकवरी' होती है। यह विभिन्न क्षेत्रों, उद्योगों या लोगों के समूहों में समान 'रिकवरी' के सिद्धांत के विपरीत है।
  - K-शेप्ड रिकवरी से अर्थव्यवस्था की संरचना में व्यापक परिवर्तन होता है और आर्थिक परिणाम मंदी के पहले तथा बाद में मौलिक रूप से बदल जाते हैं।
  - इस प्रकार की रिकवरी को 'K-शेप्ड कहा जाता है क्योंकि अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्र जब एक मार्ग पर साथ चलते हैं तो डायवर्ज़न के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है जो कि रोमन अक्षर 'K' की दो भुजाओं से मिलती-जुलती है। अत: विकल्प D सही है।

35.उत्तर: C

व्याख्या

- वैवाहिक अधिकार विवाह द्वारा स्थापित अधिकार हैं, उदाहरण के लिये पति या पत्नी का एक-दूसरे के समाज पर अधिकार।
  - विवाह, तलाक आदि से संबंधित हिंदू पर्सनल लॉ तथा आपराधिक कानून दोनों में ही इन अधिकारों को मान्यता दी गई है, जिसके तहत पति या पत्नी को भरण-पोषण और गुज़ारा भत्ता के भुगतान की आवश्यकता होती है। अत: कथन 2 सही है।
  - हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 9 और विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 22 पति या पत्नी को स्थानीय ज़िला न्यायालय के समक्ष यह शिकायत करने हेतु सशक्त बनाती हैं कि दूसरा साथी बिना किसी 'उचित कारण' के विवाह से अलग हो गया।
- वैवाहिक अधिकारों की बहाली की अवधारणा को अब हिंदू पर्सनल लॉ में संहिताबद्ध किया गया है, लेकिन इसकी उत्पत्ति औपनिवेशिक काल में हुई थी। अत: कथन 1 सही है।
  - यहूदी कानून से उत्पन्न, वैवाहिक अधिकारों की बहाली का प्रावधान ब्रिटिश शासन के माध्यम से भारत तथा अन्य समान कानून वाले देशों तक पहुँचा।
  - ब्रिटिश कानून पत्नियों को पति की निजी संपत्ति/अधिकार मानता था, इसलिये उन्हें अपने पति को छोड़ने की अनुमति नहीं थी।
  - मुस्लिम पर्सनल लॉ के साथ-साथ तलाक अधिनियम, 1869 (जो ईसाई समुदाय के कानून को नियंत्रित करता है) में भी इसी तरह के प्रावधान किये गए हैं।
  - वर्ष 1970 में ब्रिटेन ने वैवाहिक अधिकारों की बहाली के कानून को समाप्त कर दिया था।

36.उत्तर: A

व्याख्या:

आपदा न्यूनीकरण 2015-30 के लिये सेंडाई फ्रेमवर्क::

- इसे 14 से 18 मार्च, 2015 तक सेंडाई, मियागी, जापान में आयोजित आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर तीसरे संयुक्त राष्ट्र विश्व सम्मेलन में अपनाया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- वर्तमान ढाँचा प्राकृतिक या मानव निर्मित खतरों के साथ-साथ संबंधित पर्यावरणीय, तकनीकी और जैविक खतरों और जोखिमों के कारण छोटे और बड़े पैमाने पर, बार-बार और कम, अचानक और धीमी गति से शुरू होने वाली आपदाओं के जोखिम पर लागू होता है।
- इसका उद्देश्य सभी स्तरों के साथ-साथ सभी क्षेत्रों के भीतर और सभी क्षेत्रों में विकास में आपदा जोखिम के बहु-जोखिम प्रबंधन का मार्गदर्शन करना है।
- यह ह्योगो फ्रेमवर्क फॉर एक्शन (HFA) 2005-2015 का उत्तराधिकारी फ्रेमवर्क है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

37. उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में केरल के शोधकर्त्ताओं ने जीनस गनोडर्मा (Genus Ganoderma) से संबंधित कवक की दो नई प्रजातियों की पहचान की है जिनका संबंध नारियल के तने के सड़न रोग से है।
- दो कवक प्रजातियाँ- गनोडर्मा केरलेंस (Ganoderma keralense) और गनोडर्मा स्यूडोएप्लानेटम (Ganoderma pseudoapplanatum) हैं।
- नारियल के मूल तने (Butt Rot or Basal Stem Rot Of Coconut) को भारत के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है: गनोडर्मा विल्ट (आंध्र प्रदेश), अनाबरोगा (कर्नाटक) और तंजावुर विल्ट (तमिलनाडु)।
- संक्रमण जड़ों से शुरू होता है परंतु इसके लक्षणों में तना और पत्तियों का रंग बदलना व सड़ना शामिल है। बाद के चरणों में फूल एवं नारियल फल समाप्त होना शुरू हो जाता है और अंत में संपूर्ण नारियल (कोकोस न्यूसीफेरा) नष्ट हो जाता है। अत: विकल्प C सही है।

नोट :

38. उत्तर: B

व्याख्या:

ऋणात्मक आयन प्रौद्योगिकी:

- ऋणात्मक/नेगेटिव/नकारात्मक आयन प्रौद्योगिकी व्यक्तिगत उत्पादों में नकारात्मक आयनों को लागू करती है और इसे वर्तमान में स्वास्थ्य को बनाए रखने, ऊर्जा को संतुलित करने तथा विकास में लगातार सुधार के साधन के रूप में विज्ञापित किया जा रहा है।
- इस तकनीक का उपयोग कुछ सिलिकॉन रिस्टबैंड (silicone wristbands), क्वांटम या स्केलर-एनर्जी पेंडेंट (quantum or scalar-energy pendants) और किनेस्थिसियोलॉजी टेप (kinesthesiology tape) में किया जाता है।
  - सूर्य के प्रकाश, विकिरण, वायु और जल में ऑक्सीजन के क्षरण से भी ऋणात्मक आयन उत्पन्न होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- इन नकारात्मक आयनों को उत्पन्न करने वाले खनिजों में अक्सर यूरेनियम और थोरियम जैसे प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले रेडियोधर्मी पदार्थ शामिल होते हैं। अत: कथन 1 सही नही है।
- ऐसा माना जाता है कि नकारात्मक आयन सकारात्मक अनुभूति उत्पन्न करते हैं और दिमाग को संतुलित करते हैं। इनसे विभिन्न मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं, जैसे कि तनाव में कमी, बेहतर नींद, श्वसन आदि। जबकि ये आयन प्रदूषकों पर भी कार्य कर सकते हैं, उन्हें नकारात्मक रूप से आवेशित कर सकते हैं और उन्हें सतह पर एकत्र कर सकते हैं।

39.उत्तर: D

व्याख्या:

- आर्द्रभूमि को "स्थलीय और जलीय पारिस्थितिक तंत्रों के बीच संक्रमणकालीन भूमि के रूप में परिभाषित किया जाता है जहाँ पानी आमतौर पर सतह पर या उससे लगा हुआ होता है या यहाँ की भूमि उथले पानी से ढकी होती है"। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2 फरवरी को मनाया जाता है। वर्ष 1971 में इसी दिन ईरान के रामसर में आर्द्रभूमि पर रामसर कन्वेंशन को अपनाया गया था।
- यह पर्यावरण संरक्षण (आर्द्रभूमि संरक्षण सहित) और वनों तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के प्रभावी और शीघ्र निपटान के लिये राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 (2014 नहीं) के तहत स्थापित एक विशेष निकाय है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - एनजीटी (NGT) की स्थापना के साथ भारत ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बाद एक विशेष पर्यावरण न्यायाधिकरण स्थापित करने वाला दुनिया का तीसरा और ऐसा करने वाला पहला विकासशील देश बन गया है।

40 उत्तर: C

व्याख्या:

- कवक एकल कोशिका या बहु जटिल बहुकोशिकीय जीव हो सकते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वे लगभग किसी भी आवास में पाए जाते हैं लेकिन ज़्यादातर जमीन पर रहते हैं, मुख्य रूप से समुद्र या मीठे पानी के बजाय मिट्टी या पौधों पर पाए जाते है।
- अपघटक नामक समूह मृदा में या मृत पौधों के पदार्थ पर उगता है, जहाँ वे कार्बन और अन्य तत्वों के चक्रण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- कुछ पौधों के परजीवी फफूंदी, स्कैब, पपड़ी जैसी बीमारियों का कारण बनते हैं।
- बहुत कम संख्या में कवक जानवरों में बीमारियों का कारण बनते हैं। मनुष्यों में इनमें एथलीट फुट, दाद और थ्रश जैसे त्वचा रोग शामिल हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

41. उत्तर: C

व्याख्या:

- पहला संशोधन अधिनियम, 1951 के माध्यम से भूमि सुधारों और इसमें शामिल अन्य कानूनों को न्यायिक समीक्षा से बचाने के लिये नौवीं अनुसूची जोड़ी गई। इसके तहत अनुच्छेद 31 में अनुच्छेद 31ए और 31बी जोड़े गए।

नोट :

  - भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंधों के तीन और आधार जोड़े गए: सार्वजनिक व्यवस्था, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध और अपराध के लिये उकसाना। इसने प्रतिबंधों को 'उचित' और प्रकृति के न्यायसंगत बना दिया।
  - बशर्ते कि राज्य द्वारा किसी व्यापार या व्यवसाय का राज्य व्यापार तथा राष्ट्रीय व्यापार या व्यवसाय के अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर अमान्य नहीं होना चाहिये। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- 24वें संशोधन अधिनियम, 1971 ने अनुच्छेद 13 और 368 में संशोधन करके मौलिक अधिकारों सहित संविधान के किसी भी हिस्से में संशोधन करने की संसद की शक्ति की पुष्टि की है।
  - संविधान संशोधन विधेयक पर राष्ट्रपति के लिये अपनी सहमति देना अनिवार्य कर दिया गया। अत: युग्म 2 सुमेलित नहीं है।
- 61वें संशोधन अधिनियम, 1989 ने लोकसभा और राज्य विधान सभा चुनावों हेतु मतदान की आयु को 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दिया। अत: युग्म 3 सुमेलित नहीं है।
  - भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची में दलबदल के आधार पर अयोग्यता से संबंधित प्रावधान हैं।
  - इसे 52वां संविधान संशोधन अधिनियम के तहत शामिल किया गया है, जिसे दलबदल विरोधी अधिनियम (1985) भी कहा जाता है।

42. उत्तर: B

व्यक्ख्या

- 'भ्रष्टाचार बोध सूचकांक' 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' द्वारा जारी किया जाता है।
  - सूचकांक के तहत कुल 180 देशों को उनकी सार्वजनिक व्यवस्था में मौजूद भ्रष्टाचार के कथित स्तर पर विशेषज्ञों और कारोबारियों द्वारा दी गई राय के अनुसार रैंक दी जाती है।
  - यह 13 स्वतंत्र डेटा स्रोतों पर निर्भर करता है और इसमें 0 से 100 तक के स्तर का पैटर्न उपयोग किया जाता है, जहाँ 0 का अर्थ सबसे कम भ्रष्टाचार है और 100 का अर्थ सर्वाधिक भ्रष्ट से है।
- 'ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल' एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना वर्ष 1993 में बर्लिन (जर्मनी) में की गई थी।
  - इसका प्राथमिक उद्देश्य नागरिक उपायों के माध्यम से वैश्विक भ्रष्टाचार का मुकाबला करना और भ्रष्टाचार के कारण उत्पन्न होने वाली आपराधिक गतिविधियों को रोकने हेतु कार्रवाई करना है। अत: विकल्प B सही है।

43. उत्तर: D

व्याख्या

- अकाबा की खाड़ी, अरबी खलीज़ अल-अकाबा, लाल सागर के उत्तरपूर्वी हिस्से, सऊदी अरब और सिनाई प्रायद्वीप से सीमा साझा करती है। यह 12-17 मील (19 से 27 किलोमीटर) चौड़ी है और तकरीबन 110 मील (177 किलोमीटर) लंबी है।
- अकाबा की खाड़ी पूर्वी अफ्रीकी रिफ्ट प्रणाली का हिस्सा है और इसकी सीमाएँ मिस्र, इज़रायल, जॉर्डन और सऊदी अरब की सीमाओं को छूती हैं। अत: विकल्प D सही है।

44: उत्तर: B

व्याख्या

- SSLV (स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) का उद्देश्य छोटे उपग्रहों को पृथ्वी की निम्न कक्षा (न कि भूस्थिर कक्षा) में लॉन्च करना है। हाल के वर्षों में विकासशील देशों, विश्वविद्यालयों के छोटे उपग्रहों और निजी निगमों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु 'स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल' काफी महत्त्वपूर्ण हो गया है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- नव-निर्मित इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL) के जनादेशों में से एक है- प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से भारत में निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी में SSLV और अधिक शक्तिशाली PSLV का बड़े पैमाने पर उत्पादन और निर्माण करना। अत: कथन 2 सही है।
  - इसका उद्देश्य भारतीय उद्योग भागीदारों के माध्यम से वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिये इसरो द्वारा वर्षों से किये गए अनुसंधान और विकास कार्यों का उपयोग करना है।

45. उत्तर: B

व्याख्या:

- ग्रेट निकोबार 'निकोबार द्वीप समूह' का सबसे दक्षिणी द्वीप है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- इसमें 1,03,870 हेक्टेयर के अद्वितीय और संकटग्रस्त उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन पारिस्थितिकी तंत्र शामिल हैं।
  - यह एक बहुत ही समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र है, जिसमें एंजियोस्पर्म, फर्न, जिम्नोस्पर्म, ब्रायोफाइट्स की 650 प्रजातियाँ शामिल हैं।
- मंगोलोइड शोम्पेन जनजाति, जिसमें लगभग 200 सदस्य हैं, विशेष रूप से नदियों और नदी धाराओं के किनारे जैवमंडल रिज़र्व के वनों में पाई जाती है। अत: कथन 2 सही है।
  - एक अन्य मंगोलोइड जनजाति, निकोबारी में लगभग 300 सदस्य थे और ये पश्चिमी तट के किनारे बस्तियों में निवास करती थी।
    - वर्ष 2004 में आई सुनामी, जिसने पश्चिमी तट पर बनी बस्ती को तबाह कर दिया, के बाद उन्हें उत्तरी तट और कैम्पबेल बे में अफरा खाड़ी में स्थानांतरित कर दिया गया।


46. उत्तर: B

व्याख्या

- बैड बैंक के बारे में:
  - तकनीकी रूप से बैड बैंक एक परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनी (Asset Reconstruction Company-ARC) या परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी (Asset Management Company- AMC) है जो वाणिज्यिक बैंकों के बैड ऋणों को अपने नियंत्रण में लेकर उनका प्रबंधन और निर्धारित समय पर धन की वसूली करती है।
  - बैड बैंक ऋण देने और जमा स्वीकार करने की प्रकिया का भाग नहीं होता है, लेकिन वाणिज्यिक बैंकों की बैलेंस शीट ठीक करने में मदद करता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - बैड लोन का अधिग्रहण आमतौर पर ऋण के बुक वैल्यू से कम होता है और बैड बैंक बाद में जितना संभव हो उतना वसूल करने की कोशिश करता है। अत: कथन 2 सही है।
- बैड बैंक के प्रभाव:
  - वाणिज्यिक बैंकों का दृष्टिकोण: वाणिज्यिक बैंक उच्च NPA स्तर के कारण परेशान हैं, बैड बैंक की स्थापना से इससे निपटने में मदद मिलेगी।
    - ऐसा इसलिये है क्योंकि बैंक अपनी सभी ऐसी संपत्तियों से छुटकारा पा लेगा, जो एक त्वरित कदम में उसके मुनाफे को कम कर रहे थे।
    - जब वसूली का पैसा वापस भुगतान के रूप में दिया जाएगा, तो यह बैंक की स्थिति में सुधार करेगा। इस बीच यह फिर से उधार देना शुरू कर सकता है।
  - सरकार और करदाता परिप्रेक्ष्य: चाहे डूबे हुए ऋणों से ग्रसित PSB का पुनर्पूंजीकरण हो या सुरक्षा रसीदों की गारंटी देना हो, पैसा करदाताओं की जेब से आ रहा है।
    - जबकि पुनर्पूंजीकरण और इस तरह की गारंटी को प्राय: "सुधार" के रूप में नामित किया जाता है, वे एक अच्छे रूप में बैंड अनुदान/सहायता (Band Aids) हैं।
    - PSBs में ऋण देने की प्रक्रिया में सुधार करना ही एकमात्र स्थायी समाधान है।
    - अगर बैड बैंक बाज़ार में ऐसे बैड एसेट्स को बेचने में असमर्थ रहते हैं तो वाणिज्यिक बैंकों को राहत देने की योजना ध्वस्त हो जाएगी। इसका भार वास्तव में करदाता पर पड़ेगा।

नोट :

47.




48. न तो 1 और न ही 2

उत्तर: A

व्याख्या:

- पश्चिमी विक्षोभ को भूमध्य सागर में उत्पन्न होने वाले एक 'बहिरूष्ण उष्णकटिबंधीय तूफान' के रूप में चिह्नित किया जाता है, जो एक निम्न दबाव का क्षेत्र है तथा उत्तर-पश्चिम भारत में अचानक वर्षा, बर्फबारी एवं कोहरे के लिये ज़िम्मेदार है। अत: कथन 1 सही है।
  - यह विक्षोभ 'पश्चिम' से 'पूर्व' की दिशा की ओर आता है।
  - ये विक्षोभ अत्यधिक ऊँचाई पर पूर्व की ओर चलने वाली 'वेस्टरली जेट धाराओं' (Westerly Jet Streams) के साथ यात्रा करते हैं।
- पश्चिमी विक्षोभ पूरे उत्तर-पश्चिम भारत में सबसे अधिक सर्दी और प्री-मानसून सीजन की वर्षा का कारण है। यह घटना आमतौर पर बादल छाए रहने, रात के उच्च तापमान और असामान्य बारिश से जुड़ी होती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - ऐसा अनुमान है कि भारत अपनी कुल वार्षिक वर्षा का लगभग 5-10% पश्चिमी विक्षोभ से प्राप्त करता है।

नोट :

49. उत्तर: C

व्याख्या

- सहायक संधि
  - लॉर्ड वेलेजली ने वर्ष 1798 में भारत में सहायक संधि प्रणाली की शुरुआत की, जिसके तहत सहयोगी भारतीय राज्य के शासकों को अपने शत्रुओं के विरुद्ध अंग्रेज़ों से सुरक्षा प्राप्त करने के बदले ब्रिटिश सेना के रखरखाव के लिये आर्थिक भुगतान करने को बाध्य किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
  - सहायक संधि करने वाले देशी राजा अथवा शासक किसी अन्य राज्य के विरुद्ध युद्ध की घोषणा करने या अंग्रेज़ों की सहमति के बिना समझौते करने के लिये स्वतंत्र नहीं थे।
  - यह संधि राज्य के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति थी, लेकिन इसका पालन अंग्रेज़ों ने कभी नहीं किया। अत: कथन 2 सही है।
  - मनमाने ढंग से निर्धारित एवं भारी-भरकम आर्थिक भुगतान ने राज्यों की अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया एवं राज्यों के लोगों को गरीब बना दिया।
  - वहीं ब्रिटिश अब भारतीय राज्यों के व्यय पर एक बड़ी सेना रख सकते थे।
    - वे संरक्षित सहयोगी की रक्षा एवं विदेशी संबंधों को नियंत्रित करते थे तथा उनकी भूमि पर शक्तिशाली सैन्य बल की तैनाती करते थे।
  - लॉर्ड वेलेजली ने वर्ष 1798 में हैदराबाद के निज़ाम के साथ 'सहायक संधि' पर हस्ताक्षर किये। अत: कथन 3 सही नही है।
    - इस संधि पर वर्ष 1801 में अवध के नवाब को हस्ताक्षर करने के लिये मजबूर किया गया।
    - पेशवा बाजीराव द्वितीय ने वर्ष 1802 में बेसिन में सहायक संधि पर हस्ताक्षर किये।

50. उत्तर: A

व्याख्या:

- परम वीर चक्र:
  - यह भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है, जो युद्ध (चाहे वह जमीन पर हो, समुद्र में या हवा में) के दौरान वीरता के विशिष्ट कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये दिया जाता है। अत: युग्म 1 सही है।
- अशोक चक्र:
    - यह शांतिकाल के दौरान वीरता, साहसिक कार्रवाई या बलिदान के लिये सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है।
    - यह शांतिकाल में विशिष्ट बहादुरी या किसी अन्य साहस या वीरता या आत्म-बलिदान से संबंधित कार्य करने के लिये प्रदान किया जाता है। अत: युग्म 2 सही है।
- सेना पदक:
  - यह थलसेना में कर्तव्य के प्रति असाधारण समर्पण या साहस के कार्यों के लिये दिया जाता है। अत: युग्म 3 सही नहीं है।

51. उत्तर: B

व्याख्या:

- पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को की जाती है।
  - वर्ष 1954 में स्थापित यह भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है।
- यह ऐसी सभी विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों में उपलब्धियों की पहचान करता है, जिनमें सार्वजनिक सेवा का तत्त्व शामिल हो।
  - ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं:
    - पद्म विभूषण (असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिये)
    - पद्म भूषण (उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा)
    - पद्म श्री (प्रतिष्ठित सेवा)

नोट :

- पद्म भूषण और पद्म श्री के बाद पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में पद्म विभूषण सर्वोच्च है।
- संबंधित क्षेत्र:
  - ये पुरस्कार विभिन्न विषयों/गतिविधियों के क्षेत्रों में दिये जाते हैं, जैसे- कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार व उद्योग, चिकित्सा, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, सिविल सेवा आदि। अत: कथन 2 सही है।
- चयन प्रक्रिया:
  - पद्म पुरस्कार समिति: ये पुरस्कार 'पद्म पुरस्कार समिति' द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर प्रदान किये जाते हैं, जिसका गठन प्रतिवर्ष प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।
  - राष्ट्रपति द्वारा प्रदत: ये पुरस्कार भारत के राष्ट्रपति द्वारा आमतौर पर प्रतिवर्ष मार्च/अप्रैल के महीने में प्रदान किये जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।

52.उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में यूएस फेडरल रिज़र्व (central bank of US) ने ब्याज दरों में संभावित बढ़ोतरी का संकेत दिया है। इससे भारतीय बाज़ारों में घबराहट की स्थिति पैदा हो गई है।
  - फेडरल रिज़र्व द्वारा दरों में परिवर्तन या अन्य फैसलों से न केवल अमेरिकी अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि यह अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीतियों पर एक निश्चित प्रभाव डालता है।
- भारत पर बढ़ी हुई ब्याज दरों का प्रभाव:
  - इक्विटी मार्केट पर प्रभाव: वैश्विक बाज़ार में डॉलर की बढ़ती कमी से बॉण्ड यील्ड (Bond Yields) में बढ़ोतरी होगी।
  - इससे पहले, भारत में ऋण और इक्विटी बाज़ारों में 40,000 करोड़ रुपए से अधिक का बहिर्वाह देखा गया था जो कि मज़बूत डॉलर एवं अमेरिका, चीन, यूरोपीय संघ तथा अन्य प्रमुख देशों के बीच व्यापार युद्ध से उत्पन्न अनिश्चितताओं का प्रतिफल था।
  - निर्यात और विदेशी मुद्रा पर प्रभाव:
    - भारत विश्व के सबसे बड़े कच्चे तेल आयातक देशों में से एक है।
    - डॉलर की तुलना में कमज़ोर रुपए के परिणामस्वरूप कच्चे तेल का अधिक महँगा आयात होता है जो पूरी अर्थव्यवस्था में और विशेष रूप से उन क्षेत्रों में लागत-संचालित मुद्रास्फीति (Cost-Driven Inflationary) को बढा सकता है जो कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हैं।
    - दूसरी ओर भारत के निर्यात विशेष रूप से आईटी और आईटी-सक्षम सेवाओं को रुपए के संबंध में मज़बूत डॉलर से कुछ हद तक लाभ होगा।
    - हालाँकि निर्यात बाज़ार में मजबूत प्रतिस्पर्द्धा के कारण निर्यातकों को पूरी तरह से एक समान लाभ प्राप्त नहीं हो सकता है। अत: विकल्प A सही है।

53. उत्तर: B

व्याख्या

फ्लाई ऐश

- परिचय:
  - फ्लाई ऐश (Fly Ash) प्राय: कोयला संचालित विद्युत संयंत्रों से उत्पन्न प्रदूषक है, जिसे दहन कक्ष से निकास गैसों द्वारा ले जाया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - इसे इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर या बैग फिल्टर द्वारा निकास गैसों से एकत्र किया जाता है।
  - इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर (ESP) को एक फिल्टर उपकरण के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसका उपयोग प्रवाहित होने वाली गैस से धुएँ और धूल जैसे महीन कणों को हटाने के लिये किया जाता है।

नोट :

- इस उपकरण को प्राय: वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधी गतिविधियों के लिये प्रयोग किया जाता है।
- संयोजन: फ्लाई ऐश में पर्याप्त मात्रा में सिलिकॉन डाइऑक्साइड ($SiO_2$), एल्युमीनियम ऑक्साइड ($Al_2O_3$), फेरिक ऑक्साइड ($Fe_2O_3$) और कैल्शियम ऑक्साइड (CaO) शामिल होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
- गुण:
  - यह पोर्टलैंड सीमेंट के समान दिखता है परंतु रासायनिक रूप से अलग है।
    - पोर्टलैंड सीमेंट का निर्माण एक महीन पाउडर के रूप में संयोजनकारी सामग्री है जो चूना पत्थर और मिट्टी के मिश्रण को जलाने तथा पीसने से प्राप्त होता है।
    - इसकी रासायनिक संरचना में कैल्शियम सिलिकेट, कैल्शियम एल्युमिनेट और कैल्शियम एल्युमिनोफेराइट शामिल हैं।
  - प्रमुख विशेषता:
    - एक सीमेंट युक्त सामग्री वह है जो जल के साथ मिश्रित होने पर कठोर हो जाती है।
- अनुप्रयोग: इसका उपयोग कंक्रीट और सीमेंट उत्पादों, रोड बेस, मेटल रिकवरी और मिनरल फिलर आदि में किया जाता है।
- हानिकारक प्रभाव: फ्लाई ऐश के कण ज़हरीले वायु प्रदूषक हैं। वे हृदय रोग, कैंसर, श्वसन रोग और स्ट्रोक को बढ़ा सकते हैं।
  - ये जल के साथ मिलने पर भूजल में भारी धातुओं के निक्षालन का कारण बनते हैं।
  - ये मृदा को भी प्रदूषित करते हैं और पेड़ों की जड़ विकास प्रणाली को प्रभावित करते हैं।
  - राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) द्वारा गठित संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2020-2021 के दौरान फ्लाई ऐश उत्पादन और उपयोग की सारांश रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में इस उप-उत्पाद के सकल अल्प-उपयोग के कारण 1,670 मिलियन टन फ्लाई ऐश का संचय हुआ है।

54. उत्तर: C

व्याख्या:

लाला लाजपत राय:

- जन्म:
  - उनका जन्म 28 जनवरी, 1865 को पंजाब के फिरोज़पुर ज़िले (Ferozepur District) के धुडीके (Dhudike) नामक एक छोटे से गाँव में हुआ था।
- परिचय:
  - लाला लाजपत राय भारत के महानतम स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे।
  - उन्हें 'पंजाब केसरी' (Punjab Kesari) और 'पंजाब का शेर' (Lion of Punjab) नाम से भी जाना जाता था। अत: कथन 1 सही है।
  - उन्होंने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से कानून की पढ़ाई की।
  - वे स्वामी दयानंद सरस्वती से प्रभावित होकर लाहौर में आर्य समाज (Arya Samaj) में शामिल हो गए। अत: कथन 2 सही है।
  - उनका विश्वास था कि हिंदू धर्म के आदर्शवाद, राष्ट्रवाद (Nationalism) के साथ मिलकर धर्मनिरपेक्ष राज्य (Secular State) की स्थापना करेगा।

55. उत्तर: D

व्याख्या

- हिमाचल प्रदेश की प्रमुख नदियों पर बने बाँध:
  - सतलुज (भाखड़ा बाँध, गोबिंद सागर जलाशय, कोल्डम बाँध),
    - अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
  - व्यास (पंडोह बाँध, महाराणा प्रताप सागर जलाशय), अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
  - रावी (चमेरा बाँध), पार्वती अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

56. उत्तर: A

व्याख्या:

विशेष आहरण अधिकार (SDRs)

- विशेष आहरण अधिकार को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund-IMF) द्वारा 1969 में अपने सदस्य देशों के लिये अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति के रूप में बनाया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- SDR न तो एक मुद्रा है और न ही IMF पर इसका दावा किया जा सकता है। बल्कि यह IMF के सदस्यों का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने योग्य मुद्राओं पर एक संभावित दावा है। इन मुद्राओं के लिये SDR का आदान-प्रदान किया जा सकता है।
- SDR के मूल्य की गणना 'बास्केट ऑफ करेंसी' में शामिल मुद्राओं के औसत भार के आधार पर की जाती है। इस बास्केट में पाँच देशों की मुद्राएँ शामिल हैं- अमेरिकी डॉलर, यूरोप का यूरो, चीन की मुद्रा रॅन्मिन्बी, जापानी येन और ब्रिटेन का पाउंड। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- विशेष आहरण अधिकार ब्याज (SDRi) सदस्य देशों को उनके द्वारा धारण किये जाने वाले SDR पर मिलने वाला ब्याज है।
- हाल ही में IMF ने भारत को SDR 12.57 बिलियन (लगभग 17.86 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर) का आवंटन किया है। अब भारत की कुल SDR होल्डिंग्स 13.66 बिलियन SDR है।

57. उत्तर: A

व्याख्या

- परिभाषित रूप में राजकोषीय घाटा कुल व्यय, राजस्व प्राप्तियों और गैर-ऋण प्राप्तियों के योग के बीच का अंतर है। यह दर्शाता है कि सरकार शुद्ध रूप में कितना खर्च कर रही है। अत: कथन 1 सही है।
  - चूँकि सकारात्मक राजकोषीय घाटा राजस्व और गैर-ऋण प्राप्तियों से अधिक व्यय की मात्रा को दर्शाता है, इसलिये इसे ऋण-सृजन पूंजी प्राप्ति द्वारा वित्तपोषित करने की आवश्यकता होती है।
- प्राथमिक घाटा राजकोषीय घाटे और ब्याज भुगतान के बीच का अंतर है।
- राजस्व घाटा राजकोषीय घाटे से पूंजीगत व्यय घटाकर निकाला जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

58.उत्तर: D

व्याख्या:

भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ाने की योजना चरण- II:

- परिचय:
  - भारी उद्योग मंत्रालय (MHI) ने सामान्य प्रौद्योगिकी विकास और सेवाओं के बुनियादी ढाँचे को सहायता प्रदान करने के लिये भारतीय पूंजीगत सामान क्षेत्र- चरण- II में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाने की योजना को अधिसूचित किया है।
    - पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्द्धा बढ़ाने वाली इस योजना के दूसरे चरण का उद्देश्य पहले चरण की प्रायोगिक योजना के प्रभाव को विस्तार देना और उसे आगे बढ़ाना है। इस तरह वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्द्धा योग्य पूंजीगत वस्तु क्षेत्र की मज़बूत रचना करके उसमें तेज़ी लाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र निर्माण क्षेत्र में कम से कम 25 प्रतिशत का योगदान करता है।
- प्रौद्योगिकी विकास और बुनियादी ढाँचे के निर्माण को प्रोत्साहित करने हेतु नवंबर 2014 में 'भारतीय पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में प्रतिस्पर्द्धा में वृद्धि' योजना को अधिसूचित किया गया था।
- वित्तीय परिव्यय:
  - इस योजना में 975 करोड़ रुपए के बजटीय समर्थन और 232 करोड़ रुपए के उद्योग योगदान के साथ 1207 करोड़ रुपए का वित्तीय परिव्यय शामिल है।
- घटक:
  - प्रौद्योगिकी नवाचार पोर्टल के माध्यम से प्रौद्योगिकियों की पहचान।
  - चार नए 'उन्नत उत्कृष्टता केंद्रों' की स्थापना और मौजूदा उत्कृष्टता केंद्रों का विस्तार।

- पूंजीगत वस्तु क्षेत्र में कौशल को बढ़ावा देना-कौशल स्तर 6 और उससे ऊपर के लिये योग्यता पैकेज बनाना।
- चार 'कॉमन इंजीनियरिंग फैसिलिटी सेंटर्स' (CEFCs) की स्थापना और मौजूदा CEFCs का संवर्द्धन।
- मौजूदा परीक्षण और प्रमाणन केंद्रों का विस्तार।
- दस 'इंडस्ट्री एक्सेलरेटर्स फॉर टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट' की स्थापना करना। अत: विकल्प D सही है।

59.उत्तर: C

व्याख्या:

- बाल्टिक सागर उत्तरी अटलांटिक महासागर का एक भाग है, जो दक्षिणी डेनमार्क के अक्षांश से उत्तर की ओर लगभग आर्कटिक वृत्त तक विस्तृत है और शेष महाद्वीपीय यूरोप से स्कैंडिनेवियाई प्रायद्वीप को अलग करता है।
- विश्व में खारे पानी का सबसे बड़ा विस्तारित क्षेत्र और अपेक्षाकृत उथला बाल्टिक सागर वैज्ञानिकों के लिये बहुत रुचि का विषय है, जबकि इतिहासकारों के लिये यह उत्तरी यूरोपीय बंदरगाहों के महान मध्यकालीन व्यापारिक समूह 'हैन्सियाटिक लीग' के आर्थिक केंद्र का प्रतिनिधित्व करता है।
- इस समुद्र के कई नाम कई देशों के मिलन स्थल के रूप में इसकी रणनीतिक स्थिति की पुष्टि करते हैं।
- पश्चिम से दक्षिणावर्त आगे बढ़ते हुए बाल्टिक सागर के सीमावर्ती देश डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड, रूस, एस्टोनिया, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड और जर्मनी हैं। अत: विकल्प C सही है।

60. उत्तर: B

व्याख्या:

- आंशिक परजीवी /अर्द्ध-परजीवी (Hemi-Parasites):
  - अर्द्ध-परजीवी को आमतौर पर मिस्टलेटो (mistletoes) के रूप में भी जाना जाता है जिसमें लगभग 2,200 से अधिक प्रजातियाँ शामिल हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - ये क्लोरोफिलस (क्लोरोफिल युक्त) होते हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - दुनिया भर में उष्णकटिबंधीय और समशीतोष्ण आवासों में इनके वितरण को विकसित और प्रदर्शित करने के लिये उन्हें एक पोषिता पेड़ या झाड़ी की आवश्यकता होती है जो क्रम में लगभग पाँच गुना विकसित और वन पारिस्थितिकी, विकृति विज्ञान एवं चिकित्सा में महत्त्वपूर्ण हैं। अत: कथन 3 सही है।
  - वे एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं क्योंकि वे फ्रुजीवोरस (frugivorous- फलों को खाने वाले) पक्षियों के लिये भोजन प्रदान करते हैं।